KVS(DR)/2025RA

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन , दिल्ली संभाग

## प्री बोर्ड प्रथम -परीक्षा 2025 - 26

## उत्तर - माला

कक्षा - दसवीं                                    विषय - हिंदी

अधिकतम अंक - 80 अंक                              निर्धारित समय - 3 घंटे

सामान्य निर्देश ::

1 अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |

2 अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिन्दु अंतिम नहीं है | ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक है |

3 यदि परीक्षार्थी इन उत्तरों से भिन्न , किन्तु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक अंक दिए जाएँ |

4 एक ही प्रकार की अशुद्धि के लिए बार - बार अंक न काटा जाए|

5 मूल्यांकन में सम्पूर्ण अंक पैमाने - 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट हैं |

| | | |
|---|---|---|
| | खंड - क<br>(अपठित बोध ) | 14 |
| 1 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 7 |
| (क) | (iii) 2 और 3 सही है | 1 |
| (ख) | (i) यह तकनीक संपूर्ण मानव जाति के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | (iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (B) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| (घ) | यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो अति सूक्ष्म मशीने बना सकती है ऐसी मशीने, जो इंसान के जिस्म में उत्तर कर,उसकी धमनियों में चल-फिर कर वहीं रोग का ऑपरेशन कर सकें। ऐसी मशीनै, जो मोबाइल को आपके नाखून से भी छोटा कर है। जो ऐसी धातु बना दें, जो स्टील से दस गुना हल्की और सौ गुना मजबूत हो। | 2 |
| (ङ) | नैनो-तकनीक की आज हर क्षेत्र में आवश्यकता है जैसे उद्योग, चिकित्सा, दूरसंचार, परिवहन सहित हमारे जीवन में शामिल तमाम पहलू जहाँ मनुष्य आधुनिक युग के साथ आगे जाएगा तब मनुष्य को अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए इस तकनीक की आवश्यकता होगी । | 2 |
| 2 | निम्नलिखित काव्यान्श को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 7 |
| (क) | (iv) 1, 2, 3 और 4 सही है | 1 |
| (ख) | (i) जब अपनी आन दाँव पर लगी हो | 1 |
| (ग) | (iv) कथन (A) सही है, किंत् कारण (B) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है | 1 |
| (घ) | कवि के अनुसार आज की युवा जाति जो अपने कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहती है साथ ही वह अपने हक के लिए आवाज भी उठाती है, वह जाति स्वाधीनतापूर्वक जीवित रह पाती है। | 2 |
| (ङ) | काव्यांश के माध्यम से कवि आज की युवा शक्ति को यह सन्देश देना चाहते है कि परिस्थिति चाहे कैसी भी विकट क्यों न हो जाए आज के युवा को निडर रहते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए तथा अपने देश के हित में कार्य करते रहना चाहिए । | 2 |
| | खंड - ख<br>( व्यावहारिक व्याकरण ) | 16 |
| 3 | निर्देशानुसार '**रचना के आधार पर वाक्य भेद**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | पिताजी ने माँ से दिल्ली चलने के लिए कहा | |
| (ख) | आप दरवाजे पर बैठे और उसकी प्रतीक्षा करें। | |
| (ग) | क्रिया विशेषण आश्रित उपवाक्य | |
| (घ) | जो लड़के मेहनती होते हैं वे अच्छे होते है। | |
| (ङ) | मैं अच्छा खेला, किन्तु हार गया। | |
| 4 | निर्देशानुसार '**वाच्य**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | बिना सहारे दादाजी से अब चला नही जाता हैं \| | |
| (ख) | कर्मवाच्य | |
| (ग) | कर्तृवाच्य | |
| (घ) | नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया गया \| | |
| (ङ) | भाव वाच्य | |
| 5 | निर्देशानुसार '**पद परिचय**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद - परिचय लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन कर्ताकारक, लड़के क्रिया का कर्ता | |
| (ख) | सर्वनाम उत्तमपुरुष पुल्लिंग एकवचन | |
| (ग) | जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ता कारक खा रही है क्रिया का कर्ता | |
| (घ) | क्रियाविशेषण, कालवाचक, मिलते क्रिया का विशेषण | |
| (ङ) | स्थानवाचक क्रिया विशेषण विशेष्य क्रिया -देखना | |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | निर्देशानुसार '**अलंकार**' पर आधारित पाँच प्रश्नों में  से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : | 4X1 = 4 |
| (क) | अतिश्योक्ति अलंकार | |
| (ख) | मानवीकरण अलंकार | |
| (ग) | उपमा अलंकार | |
| (घ) | रूपक अलंकार | |
| (ङ) | उत्प्रेक्षा अलंकार | |
| | खंड - ग<br>(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) | 30 |
| 7 | निम्नलिखित पठित गदयांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| (क) | (iii) लड़कों को पूरे संसार की आजादी थी पर लड़कियाँ घरों के दायरे में सीमित। | |
| (ख) | (ii) टोले-मोहल्ले को घर का हिस्सा माना जाता था। | |
| (ग) | (ii) उनके एक-दो पात्रों को छोड़ दें तो कोई उनके परिवार से नहीं। | |
| (घ) | (iv) संकुचित, असहाय और असुरक्षित | |
| (ङ) | (ii) इतना समय बीतने के बाद भी उन्हें वे लोग अपने हावभाव के साथ याद थे। | |
| 8 | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | यह टिप्पणी कैप्टन के बारे में हालदार साहब द्वारा पूछे जाने पर पानवाले द्वारा कई गई थी जो बिलकुल उचित नहीं था। कैप्टन शार्रीरिक रूप से अक्षम था जिसके लिए वह | |

| | | |
|---|---|---|
| | फौज में नहीं जा सकता था। परंतु उसके हृदय में जो अपार देशभक्ति की भावना थी, वह किसी फौजी से कम नहीं थी। कैप्टन अपने कार्यों से जो असीम देशप्रेम प्रकट करता था उसी कारण पानवाला उसे पागल कहता था। ऐसा कहना पानवाले की स्वार्थपरता की भावना को दर्शाता है, जो सर्वथा अनुचित है। वास्तव में तो पागलपन की हद तक देश के प्रति त्याग व समर्पण की भावना रखनेवाला व्यक्ति श्रद्धा का पात्र है, उपहास का नहीं। | |
| (ख) | बेटे की मृत्यु पर भगत ने पुत्र के शरीर को एक चटाई पर लिटा दिया, उसे सफेद चादर से ढक दिया तथा वे कबीर के भक्ति गीत गाकर अपनी भावनाएँ व्यक्त करने लगे। भगत ने अपने पुत्रवधू से कहा कि यह रोने का नहीं बल्कि उत्सव मनाने का समय है\| विरहिणी आत्मा अपने प्रियतम परमात्मा के पास चली गई है\| उन दोनों के मिलन से बड़ा आनंद और कुछ नहीं हो सकती\| इस प्रकार भगत ने शरीर की नश्वरता और आत्मा की अमरता का भाव व्यक्त किया\| | |
| (ग) | सेकंड क्लास के एकांत डिब्बे में बैठे नवाब साहब खीरा खाने की इच्छा से दो ताज़े खीरे एक तौलिए पर रखे हुए थे। पहले तो उन्होंने खीरे को खिड़की से बाहर निकालकर लोटे के पानी से धोया और तौलिए से साफ़ कर पानी सुखा लिया जेब से चाकू निकाला। फिर बड़े सलीके से छिलकर उसकी फाँकें बनाने लगे।खीरे की पतली फाँकों को करीने से तौलिए पर सजाया। उसके बाद जीरा मिला नमक और मिर्च छिड़का।इसके बाद एक-एक करके उन फाँको को उठाते गए और उन्हें सूँघकर खिड़की से बाहर फेंकते गए। | |
| (घ) | वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' उसे कहा जा सकता है जिसमें अपनी बुद्धि तथा योग्यता के बल पर कुछ नया करने की क्षमता हो। जिस व्यक्ति में ऐसी बुद्धि तथा योग्यता जितनी अधिक मात्रा में होगी वह व्यक्ति उतना ही अधिक संस्कृत होगा। | |

| | | |
|---|---|---|
| | जैसे-न्यूटन, न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज भौतिक विज्ञान के विद्यार्थियों को इस विषय पर न्यूटन से अधिक सभ्य कह सकते हैं, परन्तु संस्कृत नहीं कह सकते। | |
| 9 | निम्नलिखित पठित काव्यान्श पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| (क) | (iv) - (ii), (iii) और (iv) | |
| (ख) | (iii) गायक अंतरे को गाने में सरगम और तानों की जटिलता भूल जाता है। | |
| (ग) | (iii) कथन (4) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), कथन (4) की सही व्याख्या है। | |
| (घ) | (i) स्थायी और आनुषंगिक मुश्किलों को सँभालने के लिए। | |
| (ड़) | (iv) मुख्य गायक अपने नौसिखिए होने को याद कर प्रेरणाहीन हो थकने लगता है। | |
| 10 | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | गोपियाँ श्रीकृष्ण के आगमन की आशा में बैचैन थीं। वे एक-एक दिन गिन रही थी और अपने तन-मन की व्यथा को चुपचाप सहती हुई कृष्ण के प्रेम रस में डूबी हुई थीं। परन्तु कृष्ण ने स्वयं ना आकर योग का संदेश देने के लिए उद्धव को भेज दिया। विरह की अग्नि में जलती हुई गोपियों को जब उद्धव ने कृष्ण को भूल जाने और योग-साधना करने का उपदेश देना प्रारम्भ किया, तब गोपियों की विरह वेदना और भी बढ़ गयी । इस प्रकार उद्धव द्वारा दिए गए योग के संदेश ने गोपियों की विरह अग्नि में घी का काम किया। | |
| (ख) | परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने पर निम्नलिखित तर्क दिए -<br><br>• श्री राम ने इसे नया और मजबूत समझ कर सिर्फ छुआ था परन्तु धनुष बहुत पुराना और कमजोर होने के कारण हाथ लगाते ही टूट गया\| | |

| | | |
|---|---|---|
| | • बचपन में भी उनलोगों ने कई धनुहियाँ तोड़ी हैं, तब परशुराम क्रोधित नहीं हुए?<br>• हमें ये धनुष साधारण धनुष लगा\|<br>• इस धनुष के टूटने पर उन्हें कोई लाभ-हानि नहीं दिखती\| | |
| (ग) | स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का आशय जीवनमार्ग के प्रेरणा से है। कवि ने जो सुख का स्वप्न देखा था, वह उसे कभी प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए कवि स्वयं को जीवन-यात्रा से थका हुआ मानता है। जिस प्रकार 'पाथेय' यात्रा में यात्री को सहारा देता है, आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है ठीक उसी प्रकार स्वप्न में उसके द्वारा देखे हुए सुख की स्मृति भी कवि को जीवन-मार्ग में आगे बढ़ने का सहारा देती हैं। | |
| (घ) | कवि की आँख फागुन की सुंदरता से इसलिए हट नहीं रही है क्योंकि इस महीने में प्रकृति का सौंदर्य अत्यंत मनमोहक होता है\| पेड़ों पर हरी और लाल पत्तियाँ लटक रहे हैं\| चारों ओर फैली हरियाली और खिले रंग-बिरंगे फूल अपनी सुगंध से मुग्ध कर देते हैं\| प्रकृति का नया रंग और सुगंध जीवन में नयी ऊर्जा का संचार करती है\| | |
| 11 | **पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए :** | 2x4=8 |
| (क) | भोलानाथ और उसके साथी खेल के लिए आँगन व खेतों में पड़ी चीज़ों को ही अपने खेल का आधार बनाते हैं \| उनके लिए मिट्टी के बर्तन, पत्थर, पेड़ों के फलों, गीली मिट्टी, घर के छोटे-मोटे सामान आदि वस्तुएँ होती थी जिनसे वह खेलकर खुश रहते थे \| परंतु आज के बालक जो खेल खेलते हैं वे इनसे पूर्णतः भिन्न हैं \| हमारे खेलने के लिए क्रिकेट का सामान, किचेन सेट, डॉक्टर सेट, तरह-तरह के वीडियो गेम, व कंप्यूटर गेम आदि बहुत सी चीज़ें हैं जो इनकी तुलना में एकदम अलग है \| भोलानाथ जैसे बच्चों की खेलने की सामग्री आसानी से व सुलभता से बिना मूल्य खर्च किये ही प्राप्त हो जाती हैं जबकी आज के बच्चों की खेल सामग्री बाज़ार से खरीदना पड़ता है \| | |
| (ख) | लेखिका सिक्किम में घूमती हुई कवी-लौंग स्टॉक नाम की जगह पर गई। लौंग स्टॉक के घूमते चक्र के बारे में जितेन नें बताया कि यह धर्म चक्र है, इसको घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं। मैदानी क्षेत्र में गंगा के विषय में ऐसी ही धारणा है। लेखिका को लगा कि चाहे मैदान हो या पहाड़, तमाम वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद इस देश की आत्मा एक जैसी है। यहाँ लोगों की आस्थाएँ, विश्वास, पाप-पुण्य की अवधारणाएँ और कल्पनाएँ एक जैसी हैं। यही विश्वास पूरे भारत को एक ही सूत्र में बाँध देता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | अपनी जापान यात्रा दौरान लेखक ने एक पत्थर में मानव की उजली छाया देखी। वे विज्ञान के विद्यार्थी थे इस कारण समझ गए की विस्फोट के समय पत्थर के पास कोई व्यक्ति खड़ा होगा। विस्फोट से विसर्जित रेडियोधर्मी पदार्थ ने उस व्यक्ति को भाप बना दिया और पत्थर को झुलसा दिया। इस प्रत्यक्ष अनुभूति ने लेखक के हृदय को झकझोर दिया। इस प्रकार लेखक हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता बन गया। | |
| | खंड - घ<br>(रचनात्मक लेखन ) | 20 |
| 12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए :<br><br>अनुच्छेद लेखन<br><br>• भूमिका 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• निष्कर्ष 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1x6=6 |
| 13 | किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए :<br><br>पत्र लेखन<br><br>• प्रारूप (प्रारम्भ और अंत की औपचारिकताएँ ) 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1x5=5 |
| 14 | स्ववृत लेखन<br><br>• प्रारूप 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक | 1x5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भाषा शुद्धता 1 अंक<br><br>अथवा<br><br>ईमेल लेखन<br><br>• प्रारूप 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | |
| 15 | विज्ञापन लेखन<br><br>• रचनात्मक प्रस्तुति 1 अंक<br>• विषयवस्तु 2 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक<br><br>अथवा<br><br>संदेश लेखन<br><br>• प्रारूप 1 अंक<br>• विषयवस्तु 2 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1x4=4 |